शनिवार
2 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 88 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com




# बाबा महतो साहब के नाम पर आईटीआई और अस्पताल
# सीएम का बड़ा ऐलान—नालंदा में विकास की नई गूंज





संजय कुमार/अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के सरमेरा प्रखंड अंतर्गत प्रणावां गांव में आयोजित श्री श्री 108 श्री शरण निवास बाबा महतो साहब राजकीय मेला-2026 का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मेले का उद्घाटन करते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं, जिनमें सबसे प्रमुख प्रणावां स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नामकरण बाबा महतो साहब के नाम पर करने की घोषणा रही।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री द्वारा बाबा महतो साहब मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जहां उन्होंने राज्य की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इसके बाद आयोजित मुख्य समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह उनके लिए अत्यंत भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले दो दशकों में बिहार को नई दिशा दी है और इसी क्रम में बाबा महतो साहब मेला को राजकीय दर्जा दिलाकर इसकी गरिमा बढ़ाई है। उन्होंने नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के विजन को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा महतो साहब ने करीब 800 वर्ष पूर्व इस क्षेत्र में भाईचारा, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया था। उनका जीवन समाज को जोड़ने और सही मार्ग दिखाने का प्रतीक रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बाबा महतो साहब के आदर्शों को अपनाकर समाज में शांति और सौहार्द को मजबूत करें।

विकास योजनाओं पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को आगे बढ़ाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और इसे और सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब बिहार समृद्ध होगा, तभी देश भी सशक्त बनेगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि 19 मई से "सहयोग अभियान" की शुरुआत की जाएगी। इसके तहत हर पंचायत स्तर पर प्रत्येक माह दो दिन विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जहां ब्लॉक, अंचल और थाना से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रशासन को लोगों की समस्याओं का समाधान तय समय सीमा में करना होगा।

महिलाओं की सुरक्षा पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बहन-बेटियों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी स्कूल और कॉलेजों के आसपास पुलिस की विशेष तैनाती सुनिश्चित की जाएगी ताकि छात्राएं सुरक्षित माहौल में शिक्षा ग्रहण कर सकें।

शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य के सभी 534 प्रखंडों में मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों की गुणवत्ता इतनी बेहतर होगी कि यहां गरीबों के बच्चों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बच्चे भी पढ़ना चाहेंगे। उन्होंने हाल ही में आयोजित जिलाधिकारियों की बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि मॉडल स्कूल की सफलता तभी संभव है जब समाज के हर वर्ग के बच्चे वहां पढ़ें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 1 करोड़ रोजगार सृजन का जो लक्ष्य रखा गया है, उसे पूरा करने की दिशा में सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए विशेष पहल की जा रही है और 20 नवंबर तक 5 लाख करोड़ रुपये का निवेश लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि बाबा महतो साहब मेला के सुचारू आयोजन के लिए भूमि अधिग्रहण किया जाएगा तथा मुख्य सड़क से मेला स्थल तक बेहतर सड़क निर्माण कराया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा हो सके।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, सांसद शंभू शरण पटेल सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सरकार की योजनाओं की सराहना की।



इस अवसर पर विधायक डॉ. सुनील कुमार, शीला कुमारी, जितेंद्र कुमार, सुरेंद्र मेहता, ललित कुमार मंडल, विधान पार्षद रीना यादव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा।

समापन में मुख्यमंत्री ने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के विकास और समाज में सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि बाबा महतो साहब के आशीर्वाद से बिहार प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा।

## स्कूल चलो अभियान के तहत नालंदा में 2 मई को प्रवेशोत्सव, बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन लक्ष्य

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "स्कूल चलो अभियान" के तहत 2 मई को विशेष प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित होगा।इस अभियान के तहत 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले में एक भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे और सभी बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ा जाए।जिला प्रशासन द्वारा सभी पदाधिकारियों, अभियंताओं तथा नगर निकाय, प्रखंड और अनुमंडल स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने कार्यालय के आसपास स्थित विद्यालयों में उपस्थित होकर इस प्रवेशोत्सव को सफल बनाएं। अधिकारियों को बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है।प्रवेशोत्सव को उत्सव के रूप में मनाने की भी योजना बनाई गई है, ताकि बच्चों और अभिभावकों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बन सके। इस दौरान विद्यालयों में स्वागत कार्यक्रम, जागरूकता गतिविधियां और बच्चों के लिए विशेष आयोजन किए जाएंगे।जिला प्रशासन का मानना है कि इस पहल से न केवल नामांकन दर में वृद्धि होगी, बल्कि बच्चों की नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में भी सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

## तेल और गैस संकट की अफवाहों पर ब्रेक,नालंदा डीएम ने बताई असली स्थिति

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कमी की खबरों के बीच जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की आपूर्ति संकट नहीं है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और पैनिक न होने की अपील की।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने तेल विपणन कंपनियों के अधिकारियों और वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम सहित सभी कंपनियों ने बताया कि जिले के सभी पेट्रोल पंप पूरी क्षमता से कार्य कर रहे हैं और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य है। शादी के मौसम को देखते हुए अधिकारियों को अतिरिक्त 5 से 10 प्रतिशत स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए हैं।

रसोई गैस की उपलब्धता पर जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन करीब 8536 घरेलू सिलेंडर की आपूर्ति हो रही है। जिले का बैकलॉग 3.34 प्रतिशत है, जो राज्य में दूसरे स्थान पर सबसे कम है।

जिलाधिकारी ने बताया कि बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव में पीएनजी पाइपलाइन का विस्तार तेजी से हो रहा है और अब तक 1828 उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जहां पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य किया जाएगा।

# बैसाखी पूर्णिमा पर आनंदमूर्ति जी का 105वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। श्रीं श्रीं आनंदमूर्ति जी का 105वां जन्मोत्सव बैसाखी पूर्णिमा के पावन अवसर पर शुक्रवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन नारायण सेवा एवं आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम, बिहारशरीफ के तत्वावधान में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।इस अवसर पर भैसासुर मोड़ स्थित काली स्थान के समीप लगभग दो हजार से अधिक लोगों के बीच खीर का प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं को शीतल सरबत भी पिलाया गया, जिससे भीषण गर्मी में लोगोंको काफी राहत मिली। आयोजन स्थल पर भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर शामिल हुए।

कार्यक्रम में डॉ. विजय कुमार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. चिन्मय देव, डॉ. प्रेम रंजन कुमार, संदीप वर्मा, अनिल कुमार, अभिषेक कुमार, शैलेंद्र कुमार, केशव देव, हरि प्रिया, कंचन देवी, अर्चना देवी, अलका देवी, जीवेश कुमार, पंकज सिंह, ज्योति कुमारी, महेंद्र जी तथा समृद्धि सुमन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इससे पूर्व प्रोफेसर कॉलोनी स्थित आनंद भवन में प्रातः छह बजे बाबा का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान छह घंटे तक अखंड कीर्तन एवं गुरु पूजा का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

आयोजन ने समाज में सेवा, भक्ति और एकता का संदेश प्रसारित किया।

# बिहार ग्रामीण बैंक स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह आयोजित



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक और दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के विलय से 1 मई 2025 को स्थापित बिहार ग्रामीण बैंक का प्रथम स्थापना दिवस 1 मई 2026 को क्षेत्रीय कार्यालय बिहारशरीफ में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्रीय अधिकारी विपुल सौरभ और मुख्य प्रबंधक राजेश भारती द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं केक काटकर की गई।

इस अवसर पर चेंबर्स ऑफ कॉमर्स के प्रेसिडेंट अनिल कुमार अकेला, सेक्रेटरी जवाहर लाल गांधी, संजोग कुमार और डॉ. बिपिन कुमार को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विपुल सौरभ ने की, जबकि संचालन शशि शेखर ने किया।कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बैंक की सेवाओं की जानकारी दी गई और साइबर क्राइम से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथियों ने बैंक के विकास पर अपने विचार रखते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। सेवानिवृत्त अधिकारी कामता सिंह ने भी बैंक की प्रगति पर अपने अनुभव साझा किए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंजीत कुमार सिन्हा और शिवांगनी सिन्हा ने गायन प्रस्तुत कर माहौल को जीवंत बना दिया। अंत में सीरिश कुमार ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुधीर कुमार सिन्हा, विनय कुमार, अंश राज, सूर्यमणि प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, अश्विनी कुमार सिन्हा, वीरेंद्र पासवान, महेश कुमार सिन्हा, मानेन्द्र कुमार, रतन कुमार, नेहा कुमारी सहित सभी स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।









# डिजिटल सदस्यता अभियान के जरिए नालंदा में कांग्रेस संगठन को मिलेगी नई मजबूती




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के "संगठन सृजन अभियान" के तहत नालंदा में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नालंदा प्रभारी राजीव मिश्रा एवं मिहिर झा ने राजेंद्र आश्रम, धनेश्वर घाट, बिहारशरीफ में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर डिजिटल सदस्यता ऐप की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विवेक सिन्हा ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में हजारों नए सदस्यों को जोड़कर संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने कहा किकांग्रेस पार्टी लगातार सशक्त हो रही है और कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे,जिनमें सरफराज




मालिक, अखिलेश कुशवाहा, फरहत जबीं, हैदर आलम, संजय सिंह, नरेंद्र सिंह, शिशुपाल प्रसाद, राजीव कुमार मुन्ना, असगर भारती, नृपेन्द्र कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, शब्बीर, रमेश पासवान, अजीत राज, संजु पांडेय, नौसाद आलम, प्रमोद कुमार, देवेंद्र कुमार यादव, उस्मान गनी, इमरान खान, इंजीनियर टीपू, अधिवक्ता इम्तियाज आलम, सुनील कुमार, सुजीत कुमार, अनिल कुमार चंद्रवंशी, भोला पासवान एवं संजय कुमार शामिल रहे।

कार्यक्रम में डिजिटल सदस्यता अभियान को सफल बनाने और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने पर विशेष जोर दिया गया।

# महादलित टोला में बुद्ध जयंती, भाईचारा और समरसता का संदेश



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। अति पिछड़ा अनुसूचित जाति जनजाति विकास मंच के तत्वावधान में इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र के ढेकवाहा पंचायत अंतर्गत पितांबरपुर गांव के महादलित टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के पास भगवान गौतम बुद्ध की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवधारी रविदास ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बुद्ध के तैलचित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर मंच के संयोजक सह जिला बीस सूत्री सदस्य धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि महात्मा बुद्ध ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर मानवता को नई दिशा दी। न्होंने बताया कि बुद्ध के सिद्धांत आज भी समाज में शांति और समानता स्थापित करने में अत्यंत प्रासंगिक हैं।

धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा और मजदूर दिवस का एक साथ होना विशेष महत्व रखता है, क्योंकि दोनों ही अवसर समानता, श्रम और सम्मान का संदेश देते हैं।

उन्होंने जाति-भेद खत्म कर सभी मनुष्यों को समान दृष्टि से देखने की अपील की।


कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि बुद्ध के सिद्धांतों से प्रेरित होकर डॉ. भीमराव अंबेडकर और सम्राट अशोक ने भी समाज में समानता और शांति का संदेश फैलाया।

इस अवसर पर रमेश रविदास, रामानंद रविदास, रामस्वरूप रविदास, उपेंद्र रविदास, अजय रविदास सहित कई लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम को सफल बनाया।









# बुद्ध पूर्णिमा पर श्रवण कुमार ने दिया शांति, करुणा और अहिंसा का संदेश






संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण और बौद्ध मंगलपाठ के साथ विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। बौद्ध धर्म के अनुयायियों द्वारा मंत्रोच्चारण कर भगवान बुद्ध की आराधना की गई, जिससे पूरे परिसर में शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

इस अवसर पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह जदयू विधानमंडल दल के नेता श्रवण कुमार, शासी निकाय के सचिव राजेंद्र प्रसाद तथा प्रभारी प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर देश और प्रदेश में शांति, सद्भाव और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित भंतेगणों ने भगवान बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का शांति, करुणा और अहिंसा का संदेश आज के तनावपूर्ण जीवन में अत्यंत प्रासंगिक है।

अपने संबोधन में श्रवण कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में समाज जिस तेजी और तनाव से गुजर रहा है, उसमें भगवान बुद्ध के मध्यम मार्ग और अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाना बेहद आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि बुद्ध के विचार मानवता को सही दिशा देने का कार्य करते हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सच्ची शांति प्राप्त की जा सकती है।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त बनाने के उद्देश्य से एक जागरूकता सेमिनार का भी आयोजन किया गया। इस सेमिनार में स्वयंसेवकों और कैडेटों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

शासी निकाय के सचिव राजेंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में फैल रही कुरीतियों को दूर करना हम सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है। वहीं प्रभारी प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने कहा कि महाविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक चेतना के प्रसार में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा नियमित रूप से जागरूकता रैली निकाली जाती है और आसपास के गांवों को गोद लेकर उनके विकास के लिए कार्य किया जाता है। उन्होंने युवाओं में बढ़ती तंबाकू की लत पर चिंता व्यक्त करते हुए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. सुधीर कुमार ने किया। इस अवसर पर 38 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. सुधीर कुमार वर्मा, सीटीओ डॉ. धनंजय कुमार देव, वितेक्षक प्रो. शशिभूषण प्रसाद, प्रो. रामानुज प्रसाद, प्रो. आनंद मूर्ति, डॉ. कुमारी रेणुका सिन्हा, डॉ. अंजुला कुमारी, डॉ. राखी कुमारी, डॉ. संध्या चौहान, प्रो. पल्लवी सिन्हा, प्रो. आकाश भारती, प्रो. अरुण कुमार, प्रो. सुरेश प्रसाद, विभांशु प्रिया, सुलेखा कुमारी सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






# मजदूर दिवस पर इनर व्हील क्लब का सराहनीय पहल, श्रमिकों को मिला सम्मान और सहयोग




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब बिहारशरीफ द्वारा श्रमिकों के सम्मान में एक सराहनीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल के माध्यम से समाज के मेहनतकश वर्ग के प्रति सम्मान, सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान क्लब की सदस्यों ने स्थानीय मजदूरों के बीच तौलिया, फर्स्ट एड किट तथा नाश्ता का वितरण किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के प्रति आभार प्रकट करना और उन्हें स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भाग लिया और क्लब के इस प्रयास की सराहना की।

क्लब की अध्यक्ष रश्मि रानी ने कहा कि मजदूर समाज की रीढ़ हैं और उनके योगदान के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सहानुभूति और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं तथा जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मजदूरों ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए क्लब के प्रति आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि ऐसे सहयोग से उन्हें न केवल राहत मिलती है, बल्कि आगे बढ़ने का उत्साह भी मिलता है।

इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष मंजू प्रकाश, सचिव कुमारी रश्मि सहित अन्य सदस्याएं भी उपस्थित रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# क्षतिग्रस्त सड़क से हरगोपालपुर गांव में आवागमन ठप, ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ी




नगरनौसा (अपना नालंदा)। नगरनौसा प्रखंड के कैला पंचायत अंतर्गत हरगोपालपुर गांव में वडीहा रोड से गांव के अंदर जाने वाली ढलाई सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लोगों का रोजमर्रा का आवागमन मुश्किल हो गया है। जगह-जगह बड़े गड्ढे बन जाने से पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है।

ग्रामीणों के अनुसार बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को खास तौर पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार लोग फिसलकर घायल भी हो चुके हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण और मरम्मत को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विधायक, सांसद, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख और मुखिया से भी इस समस्या के समाधान की मांग की जा चुकी है, बावजूद इसके हालात जस के तस बने हुए हैं।

सड़क की बदहाली को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि उन्हें सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।




# पंचपदी अधिगम कार्यशाला से शिक्षकों को मिला नवाचार और सृजनशील प्रशिक्षण



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, हसनपुर, राजगीर में विद्या भारती उत्तर-पूर्व क्षेत्र द्वारा आयोजित पंचपदी अधिगम पद्धति पर आधारित प्रशिक्षक-प्रशिक्षण कार्यशाला शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों और प्रशिक्षकों को अधिक प्रभावी, सशक्त एवं सृजनशील बनाना था, ताकि वे शिक्षण को रोचक, व्यवहारिक और परिणामोन्मुख बना सकें।

कार्यशाला के दौरान विभिन्न सत्रों में पंचपदी अधिगम पद्धति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को न केवल सैद्धांतिक जानकारी दी गई, बल्कि व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से आधुनिक शिक्षण तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया गया। इससे शिक्षकों को कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के नए तरीके सीखने का अवसर मिला।

प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अपने शिक्षण कार्य को नई दिशा दे पाएंगे।

कार्यक्रम में विद्या भारती के राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों सहित विभिन्न प्रांतों से आए आचार्यों और दीदियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा जताई कि वे प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने-अपने विद्यालयों में कर शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएंगे।

# मजदूर दिवस पर कर्मचारियों की हुंकार: हक की लड़ाई तेज करने का संकल्प




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मजदूर दिवस के अवसर पर बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ कार्यालय, बिहारशरीफ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला महासंघ नालंदा के उपाध्यक्ष नदीम ने की। इस दौरान मजदूरों के अधिकार, एकता और जागरूकता को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला महासंघ नालंदा के जिला मंत्री संजय कुमार ने कहा कि मजदूर दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि संघर्ष और बलिदान की याद दिलाने का दिन है। उन्होंने कहा कि हम शहीद क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यह संकल्प लेते हैं कि अपने अधिकारों की रक्षा करेंगे और मेहनतकश वर्ग की आजादी के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने चिंता जताई कि पिछले कुछ वर्षों में मजदूरों के कई महत्वपूर्ण अधिकार जैसे स्थायी नौकरी, रोजगार की गारंटी और नौकरी की सुरक्षा कमजोर कर दी गई है।संजय कुमार ने कहा कि मेहनतकश वर्ग की चेतना कमजोर होने के कारण उनकी एकता भी प्रभावित हुई है, जिसका लाभ उठाकर श्रम कानूनों को कमजोर किया गया। उन्होंने युवाओं की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज स्थायी नौकरी लगभग समाप्त हो चुकी है और न्यूनतम वेतन पर काम करने की मजबूरी बढ़ गई है।उन्होंने इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए शिक्षा को सबसे बड़ा माध्यम बताया और कहा कि मजदूरों को शिक्षित और जागरूक बनाना ही एकमात्र रास्ता है। बैठक के अंत में बुलंद नारों के साथ एकता और संघर्ष का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर रामप्रताप सिंह, सूरज कुमार, हेमंत कुमार, देश दीपक, राजेश कुमार, मनीष कुमार, कुमोद सिंह सहित कई कर्मचारी एवं श्रमिक उपस्थित रहे।






## संपादकीय

जे पी चौधरी



# परमाणु शक्ति में भारत की छलांग: ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर निर्णायक कदम

भारत ने अपने परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया है। तमिलनाडु के कल्पक्कम स्थित परमाणु परिसर में स्वदेशी तकनीक से निर्मित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) ने 6 अप्रैल को सफलतापूर्वक अपनी पहली 'क्रिटिकलिटी' प्राप्त कर ली है। यह उपलब्धि केवल तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि भारत के दीर्घकालीन ऊर्जा सुरक्षा दृष्टिकोण की ठोस अभिव्यक्ति है।

500 मेगावाट क्षमता वाले इस रिएक्टर का निर्माण भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) द्वारा किया गया है। 'क्रिटिकलिटी' का अर्थ है नाभिकीय श्रृंखला अभिक्रिया का नियंत्रित रूप से शुरू होना, जो किसी भी परमाणु रिएक्टर के संचालन की पहली और सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। इस उपलब्धि के साथ भारत ने अपने तीन-चरणीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रवेश कर लिया है, जिसकी कल्पना महान वैज्ञानिक डॉ. होमी जहांगीर भाभा ने दशकों पहले की थी।

फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की खासियत यह है कि यह जितना ईंधन इस्तेमाल करता है, उससे अधिक ईंधन उत्पन्न करने की क्षमता रखता है। यह तकनीक प्लूटोनियम और थोरियम जैसे तत्वों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करती है। भारत में थोरियम के विशाल भंडार उपलब्ध हैं, जो भविष्य में ऊर्जा उत्पादन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। इस दृष्टि से पीएफबीआर की सफलता भारत को दीर्घकालीन ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के और करीब ले जाती है।

आज जब पूरी दुनिया ऊर्जा संकट, जलवायु परिवर्तन और जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता से जूझ रही है, ऐसे में स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों की खोज अत्यंत आवश्यक हो गई है। परमाणु ऊर्जा इस दिशा में एक महत्वपूर्ण विकल्प बनकर उभर रही है। भारत का यह कदम न केवल देश के भीतर ऊर्जा आपूर्ति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उसकी तकनीकी क्षमता और नेतृत्व को स्थापित करेगा।इस उपलब्धि का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित है। 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य के तहत यह सफलता देश के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की क्षमता का प्रमाण है। इससे न केवल तकनीकी आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा, बल्कि रोजगार और अनुसंधान के नए अवसर भी पैदा होंगे।

यदि यह रिएक्टर पूर्ण रूप से संचालन में आ जाता है, तो भारत रूस के बाद फास्ट ब्रीडर रिएक्टर का सफल संचालन करने वाला दुनिया का दूसरा देश बन जाएगा। यह उपलब्धि भारत को वैश्विक परमाणु ऊर्जा मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाएगी।

हालांकि, इस तकनीक के साथ सुरक्षा और पर्यावरणीय पहलुओं का ध्यान रखना भी उतना ही आवश्यक है। सरकार और वैज्ञानिक समुदाय को यह सुनिश्चित करना होगा कि परमाणु ऊर्जा का उपयोग पूरी तरह सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से किया जाए।

कुल मिलाकर, पीएफबीआर की सफलता भारत के ऊर्जा क्षेत्र में एक मील का पत्थर है। यह न केवल वर्तमान ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सहायक होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी और सुरक्षित ऊर्जा भविष्य की नींव भी रखेगा।

# बुद्ध पूर्णिमा पर पटना में गूंजा शांति संदेश, मुख्यमंत्री ने की पूजा

पटना (अपना नालंदा)। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना स्थित बुद्ध स्मृति पार्क में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भाग लिया और भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना की। इस दौरान बौद्ध भंते के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा, बोधगया के पवित्र बोधिवृक्ष, आनंद बोधि वृक्ष तथा श्रीलंका के अनुराधापुरम से लाए गए बोधि वृक्ष की विधिवत पूजा की।



मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क परिसर स्थित पाटलिपुत्र करुणा स्तूप में भगवान बुद्ध के पवित्र अस्थि अवशेषों के दर्शन कर श्रद्धा अर्पित की। उन्होंने स्तूप की परिक्रमा की और ध्यान लगाकर विश्व शांति, देश और राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री बौद्ध भिक्षुओं के साथ बैठे और शांति व सद्भाव का संदेश दिया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, विधायक रामकृपाल यादव, संजय गुप्ता, पूर्व विधायक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके । अलावा नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, वाणिज्य कर विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेश कुमार पराशर, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. और वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इस आयोजन में बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षु और श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा

# ऑपरेशन मुस्कान में जहानाबाद पुलिस ने 103 लोगों को लौटाए खोए मोबाइल




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जहानाबाद पुलिस ने "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत 103 लोगों के खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंपे। इस सराहनीय पहल का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आम लोगों, खासकर गरीब और मेहनतकश वर्ग के लिए मोबाइल फोन आज एक जरूरी साधन बन चुका है। ऐसे में मोबाइल खो जाने या चोरी होने पर उन्हें गहरा मानसिक और आर्थिक आघात पहुंचता है। पुलिस का प्रयास है कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई कर लोगों को उनकी खोई संपत्ति वापस दिलाई जाए।

मोबाइल वापस मिलने पर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। कई लोगों ने बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका खोया मोबाइल दोबारा मिल पाएगा। पुलिस की इस पहल से लोगों में विश्वास और संतोष का भाव बढ़ा है।

पुलिस अधीक्षक ने आम जनता से अपील की कि यदि किसी का मोबाइल गुम हो जाए, तो वह तुरंत संबंधित कागजात के साथ पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते उसकी बरामदगी संभव हो सके।

इस अभियान के माध्यम से जहानाबाद पुलिस ने न केवल लोगों की खोई हुई अमानत लौटाई, बल्कि पुलिस-जनता के बीच विश्वास और सहयोग के रिश्ते को भी मजबूत किया है।

# जहानाबाद में मुगलकालीन पांडुलिपियों का खजाना, डीएम ने संरक्षण का दिया निर्देश



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। ज्ञान भारतम् मिशन के तहत जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने अली नगर पाली स्थित सैयद सलमान हुसैन के आवास पर रखी प्राचीन और ऐतिहासिक पांडुलिपियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न दुर्लभ पांडुलिपियों का अवलोकन करते हुए उनके संरक्षण पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने फारसी लिपि में लिखित दस्तावेज, कैथी लिपि की पांडुलिपियां, कपड़े पर तैयार प्राचीन मानचित्र तथा स्वर्ण अक्षरों से लिखित कुरान शरीफ जैसी बहुमूल्य धरोहरों को देखा। उन्होंने बताया कि ये सभी पांडुलिपियां मुगल काल सेसंबंधित हैं और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि इन धरोहरों का संरक्षण न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को इतिहास से जोड़ने का भी माध्यम है।

उन्होंने जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चाँदनी कुमारी को निर्देश दिया कि सभी पांडुलिपियों को ज्ञान भारतम् ऐप पर अपलोड कर डिजिटल रूप से संरक्षित किया जाए।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, काको, सैय्यद मुशर्रफ सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

प्रशासन द्वारा इस पहल को जिले की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है

# ईसीआरकेयू ने मजदूर दिवस पर हरेका में शहीदों को दी श्रद्धांजलि



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर हरेका परिसर में कर्मियों ने शिकागो के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

कारखाना में संविदा समेत तकरिबन 15 सौ लोग कार्यरत हैं । जिसमें बुद्ध पूर्णिमा को लेकर शुक्रवार को कारखाना सरकारी अवकाश था।इस कार्यक्रम का आयोजन ईसीआरकेयू के कर्मियों ने किया।

इस मौके पर भारतीय रेल में मजदूर हितों के लिए किए गए आंदोलन में तथा काम के दौरान दिवंगत शहीदों को भी उपस्थित रेलकर्मियों ने सामुदायिक भवन के पास अध्यक्ष महेश कुमार महतो के नेतृत्व में किया,कार्यक्रम की शुरुआत शिकागो के शहीद, भिन्न-भिन्न आंदोलन में शहीद हुए कर्मचारी के लिए दो मिनट का मौन उनके आत्मा की शांति के लिए रखा गया।

ईसीआरकेयू के अध्यक्ष महेश कुमार महतो ने कहा कि वर्तमान में बढ़ते टेक्नोलॉजी के बावजूद समाज में सभी श्रमिकों को उनके बुनियादी अधिकारों और सुरक्षा का आनंद नहीं मिल पा रहा है।

संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष बच्चा लाल प्रसाद ने कहा कि

मजदूर दिवस मजदूर वर्ग के योगदान का जश्न मनाने और उसे स्वीकार करने, बेहतर कामकाजी परिस्थितियों, उचित मजदूरी तथा श्रमिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए संगठित होकर संघर्ष करने के संकल्प लेने का दिवस है। एक बार पुनः नये श्रम कानून अधिनियम लाने की बात चल रही है जिससे मजदूरों के अधिकार पर खतरा मंडरा रहा है,वक्त आ गया है कि हमलोग एकजुटता का परिचय देते हुए हर संघर्ष में शामिल रहे। पूर्ण ओपीएस की तरह लाभ प्राप्ति तक सभी कर्मचारियों को एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की। समय पर आठवें वेतन आयोग को लागू करने, आउटसोर्सिंग बंद करने, कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ देने सहित कई मुद्दों का समाधान करने की मांग की।इस दौरान रंजीत कुमार , उपेंद्र कुमार गुप्ता,कमला प्रसाद, विनोद कुमार मोर्य,बलराम बिकास, सुबोध कुमार, इंद्रजीत कुमार,चंदन कुमार, सुनील कुमार, अंसारी समेत अन्य मौजूद थे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर संजय सरावगी बोले बिहार की विरासत पर गर्व करें




पटना (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक संजय सरावगी ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए बिहार की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत पर गर्व करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन त्याग, तपस्या और ज्ञान का अनुपम उदाहरण है, जिसने पूरी मानवता को सत्य, अहिंसा और करुणा का मार्ग दिखाया।

संजय सरावगी ने कहा कि बोधगया की पावन धरती विश्वभर में शांति और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र मानी जाती है, जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यह स्थल आज भी देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। उन्होंने कहा कि "न वैरं वैरेण शाम्यति" का संदेश आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है, जो सिखाता है कि वैर और संघर्ष को केवल प्रेम, संवाद और सहिष्णुता से ही समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि बुद्ध का मार्गही विश्व को हिंसा और संघर्ष से बचा सकता है।

प्रदेश अध्यक्ष ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को भारत की वैश्विक पहचान बताते हुए कहा कि यह भगवान बुद्ध के आदर्शों का विस्तार है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर वे सत्य, अहिंसा, करुणा और सेवा के मार्ग को अपनाकर समाज में भाईचारा और सद्भाव को मजबूत करें।

# श्रमिक दिवस पर जहानाबाद में कार्यशाला, योजनाओं की दी विस्तृत जानकारी




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर 1 मई को संयुक्त श्रम भवन, जहानाबाद में श्रमिकों के सम्मान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रम अधीक्षक मृत्युंजय कुमार झा ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से करते हुए श्रम अधीक्षक ने कहा कि श्रम विभाग श्रमिकों के समग्र कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि सरकार उनकी सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

उन्होंने "बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना-2011" के तहत मिलने वाले लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य के भीतर और बाहर कार्यरत प्रवासी मजदूरों के लिए दुर्घटना अनुदान योजना चलाई जा रही है। साथ ही विदेशों में कार्यरत श्रमिकों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान करने का भी प्रावधान है।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और श्रमिकों को उनके अधिकारों तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना था।

# मेघवल मठिया यज्ञ में एपी पाठक बोले, आस्था से बढ़ती हैं समाजिक एकता



पटना (अपना नालंदा)। चंपारण के मेघवल मठिया में आयोजित भव्य यज्ञ में एपी पाठक ने भाग लेकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, एकता और सेवा का संगम है, जो समाज को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य करता है।

यह यज्ञ अल्टर बाबा के सानिध्य में आयोजित हो रहा है, जहां दूर-दूर से हजारों श्रद्धालु अपनी आस्था व्यक्त करने पहुंचे हैं। आयोजन स्थल पर भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष वातावरण देखने को मिला।

अपने संबोधन में एपी पाठक ने सनातन धर्म की समावेशी भावना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच, सहयोग और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा स्थापित बाबु धाम ट्रस्ट भी इसी उद्देश्य के साथ कार्य कर रहा है, जहां सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता को प्राथमिकता दी जाती है।

उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के माध्यम से गरीबों, महिलाओं, वृद्धों और युवाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जो समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में सहायक हैं। एपी पाठक ने यह भी कहा कि चंपारण की पावन धरती पर इस तरह के आयोजन आध्यात्मिक जागृति के साथ-साथ सामाजिक मजबूती का भी आधार बन रहे हैं।

# युवा नेतृत्व की नई पहचान बने निशांत कुमार: नवल शर्मा का बड़ा बयान



पटना (अपना नालंदा)। जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने पार्टी कार्यालय में आयोजित सोशल संवाद कार्यक्रम के दौरान कहा कि बिहार आज नई ऊर्जा, नई सोच और युवा नेतृत्व की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार इस बदलते दौर में उम्मीद, विश्वास और नई संभावनाओं के प्रतीक बनकर उभरे हैं।

नवल शर्मा ने कहा कि निशांत कुमार में समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की क्षमता है और वे विकास को नई गति देने की सोच रखते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में वे बिहार के उज्ज्वल भविष्य के मजबूत आधार बन सकते हैं। उनके अनुसार, बिहार को रोजगार, समृद्धि और नई पहचान दिलाने में युवा नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

उन्होंने आगे कहा कि निशांत कुमार के व्यक्तित्व में सादगी, संस्कार, उच्च शिक्षा और आधुनिक दृष्टिकोण का संतुलित मेल देखने को मिलता है। यही गुण उन्हें युवाओं के बीच लोकप्रिय बना रहा है। बिहार की युवा पीढ़ी ऐसे नेतृत्व की अपेक्षा कर रही है, जो परंपरा और आधुनिकता दोनों को साथ लेकर राज्य को नई दिशा दे सके।


Kalope
HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO
WOOD
TECHNOLOGY
No Wood
100%
Waterproof
uPVC
Termite
Proof
Low
Maintenance
10
YEAR
WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer